# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.01.2026 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार

- 77वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नईदिल्ली में कर्त्तव्य पथ पर समारोह का किया नेतृत्व।
- भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल ने और उज्जैन में मुख्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण।
- केन्द्र सरकार अरहर सहित दालों की शतप्रतिशत खरीदी एमएसपी पर करेगी, कहा केन्द्रीय कृषि मंत्री ने।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में कल बारिश की संभावना जताई।

गणतंत्र दिवस

देश में आज 77वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया। यह समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय समर स्मारक पर जाने के साथ शुरू हुआ। श्री मोदी ने स्मारक पर शहीदों को फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथियों यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के साथ कर्तव्य पथ पर पहुंची। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया जिसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ और 21 तोपों की सलामी दी गई। राष्ट्रपति मुर्मु ने वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को सर्वोच्च वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस–प्रदेश

प्रदेश में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। राजधानी भोपाल में आयोजित हुए राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ध्वजारोहण किया और संयुक्त परेड की सलामी ली। परेड में अश्वारोही दल और श्वान दस्ता भी आकर्षण का केंद्र रहे। झांकियों के माध्यम से मध्य प्रदेश की संस्कृति, विरासत और विकास की झलक प्रस्तुत की गई।

राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को विकास के केंद्र में रखकर देश को आगे बढ़ाया जा रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जन विश्वास अधिनियम 2024 एवं 2025 के माध्यम से अनेक कानूनों से उद्योगों के विकास को नई दिशा मिली है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में यूके, जर्मनी, जापान, स्पेन और दुबई के उद्यमियों से प्राप्त प्रस्तावों से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और रोज़गार की संभावनाएँ साकार करने की ओर हम अग्रसर हैं।

गणतंत्र दिवस–प्रदेश–2

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, इंदौर और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सागर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। खंडवा में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने ध्वजारोहण किया। छिंदवाड़ा में मंत्री राकेश सिंह ने ध्वजारोहण किया । देवास में कलेक्टर ने झण्डावंदन किया । नर्मदापुरम में राज्यमंत्री नरेंद्र पटेल ने तिरंगा

फहराया। जबलपुर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया । अशोकनगर में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने झंडा वंदन किया। आगरमालवा में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री नागरसिंह चौहान राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सीहोर में कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया । विदिशा में पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने ध्वजारोहण किया। मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रमुख सचिव ने ध्वजारोहण किया । आदिवासी बाहुल्य धार जिले में आज गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुना में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने झंडावंदन किया। झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

प्रधानमंत्री – गणतन्त्र दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ने बहुत ही उत्साह और गर्व के साथ गणतन्त्र दिवस मनाया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्तव्य पथ पर भव्य परेड में देश के लोकतंत्र की मजबूती, सांस्कृति समृद्धि और राष्ट्र को एक साथ बांधे रखने वाली एकता का प्रदर्शन हुआ। उन्होंने कहा कि परेड में भारत के अभेद्य सुरक्षा तंत्र को भी प्रदर्शित किया गया जो राष्ट्र की तैयारियों, प्रौद्योगिक क्षमता और अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

शिवराज – किसान

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज घोषणा की है कि सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अरहर, मसूर और उड़द सहित दालों की शतप्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। आज नई दिल्ली में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्होंने किसानों से चर्चा के दौरान कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, क्योंकि लगभग 70 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि और संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि किसानों के लिए एक विशिष्ट पहचान के रूप में किसान आईडी शुरू की जा रही है, जिससे ऋण, बीमा और कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी।

खेल प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया कल शाम साढ़े छह बजे भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में खेलो एमपी यूथ गेम्स का राज्य स्तरीय शुभारंभ करेंगे। यह आयोजन ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को सामने लाने और खेलों के विकास के लिए किया जा रहा है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं 31 जनवरी तक चलेंगी और इसमें 28 खेल शामिल होंगे। कार्यक्रम में गायक कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति भी देंगे।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। मौसम विभाग ने बताया कि कल और परसों प्रदेश में मावठा गिरने की संभावना है। इसके चलते भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर समेत कई जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि हिमालय क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और उससे जुड़ी ट्रफ लाइन के साथ साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। कल भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, सहित 21 जिलों में और 28 जनवरी को जबलपुर, रीवा, शहडोल सहित 18 जिलों में बारिश की संभावना है।

## समाचार संक्षेप में –

- **पन्ना के टाउन हॉल में गणतंत्र दिवस की संध्या पर आज लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जा** रहा है **। इस पर्व में मध्यप्रदेश के**

पारम्परिक रूप से लोक रूचि के गायन, कवि सम्मेलन वादन और नर्तन इत्यादि कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

- सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुंदेली मार्शल आर्ट के संरक्षक एवं सागर निवासी 83 वर्षीय भगवानदास रायकवार को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर शुभकामनाएं दीं।

- महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग में आज शाम बड़ोदरा में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का मुकाबला मुबंई इंडियंस से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

...............................